SHRI L. R. NAIK: If we give such facilities to all our children, I am sure we will be able to bring about inntegra_ tion in the country and this will go a long way in solving our problems. it is no use saying that Urdu is better than Hindi or Hindi is better than Urdu or Kannada is better than Telugu and so on. Every language is rich and every language has produced great people, great literary people, and every language has produced many great people at State level and certainly some at the national level. (*Time bell rings*)...This is the history and this is the heritage of each language in the country. I would, therefore, like to ask all the honourable Members of this House to bestow their thought and attention on these issues and also, Sir, I would like to give a warning. Of course, the policy of the Government has provided for a Commissioner for Linguistic Minorities. But what can that poor man do? He has no teeth and he cannot bite. The honorable Minister has said that these are the Fifteenth and Sixteenth Reports and the Eigteenth and the Nineteenth Reports would be submitted very soon. Now, if you go through all these Reports, you will find that they are all the same thing. The same type of language also is used it is because they are all copies, one from the other. For years they have been copied, one from the other. Of course, something is inserted here and something there and a report is produced and it is placed before the Parliament and a discussion takes place. And, Sir, in a day we are supposed to finish the whole thing and get up. That is not sufficient. This is a very serious matter. As it is a very serious problem, it requires a bold solution. Unless you suggest bold solution, I am afraid, we will not be able to solve the problem. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. M. TRIVEDI): Yes, Mr. Kalp Nath Rai. Mr. Kalp Nath Rai, will you please be brief?

SHRI KALP NATH RAI: No, Sir. This is a very important thing.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. M. TRIVEDI): I know it. But we have to conclude it and the Minister has to reply at 5-30 P.M. We have only 15 minutes now.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह लिंगुइस्टिक माइनारिटीज की रिपोर्ट अंग्रेजी में पेश की गई है। इससे लगता है कि इस देश की जनता सरकार की कितनी दिलचस्पी इस मुल्क की भाषाओं को पनपाने की है। भाषा का सवाल एक राष्ट्रीय सवाल है, भाषा का सवाल देश की आजादी से जुड़ा हुआ है, भाषा का सवाल देश के औद्योगिक विकास से जुड़ा हुआ है, भाषा का सवाल देश की माइनारिटीज से जुड़ा हुआ है ...

श्रम तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम कृपाल सिंह) : उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को मालूम है कि भाषयी अल्पसंख्यक आयुक्त की 16वीं रिपोर्ट हिन्दी में दी है और उन्होंने अंग्रेजी भाषा के प्रति प्रेम को दिखाते हुए अंग्रेजी में रिपोर्ट मांगी होगी इसलिए उनके पास अंग्रेजी में रिपोर्ट पहुंची है।

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह भाषा का सवाल, विशेषकर जब तक हिन्दुस्तान की संसद में अंग्रेजी राजकाज की भाषा रहेगी तब तक न उर्दू का विकास हो सकता है, न तमिल का विकास हो सकता है, न तेलगू

[श्री कल्पनाथ राय]

का विकास हो सकता है, न कन्नड़ का विकास हो सकता है, न सभी मातृभाषाओं का विकास हो सकता है। हिन्दुस्तान की आजादी के 30 साल के बाद भी आज अंग्रेजी रानी है और हिन्दुस्तान की सारी भाषाएं दासी बनी हुई हैं। हिंदी, उर्दू, तेलगू, तमिल, कन्नड़, बगला इत्यादि ये सभी बहिनें हैं। जब हिन्दी उर्दू की ओढ़नी ओढ़ लेती है तो बहुत हसीन बन जाती है और जब हिन्दी उर्दू की पोशाक पहन लेती है तो बहुत बेकरार बन जाती है। किसी भाषा को किसी जाति या किसी मजहब के साथ नहीं बांधा जा सकता। जिस मुल्क में चौधरी चरण सिंह जैसे गृह मंत्री हों उस का तो सर्वनाश होना निश्चित है। जिस देश में मोरारजी जैसे प्रधान मंत्री हों कि जो देश को समझ नही सकते हों, वही अनापशनाप बातें कर सकते हैं। जामा मस्जिद के शाही इमाम अब्दुल्ला बुखारी जी ने कहा कि हिन्दुस्तान में गृह मंत्री चरण सिंह साहब के रहते इस देश की माइनारिटीज और भाषाएं सुरक्षित नहीं हैं। तो भाषा का सवाल पूरे मुल्क से जुटा हुआ है। हमारे मुल्क में 'इन्कलाब जिन्दाबाद' सभी कहते हैं। कांग्रेस पार्टी ने यही नारा लगाकर हिन्दुस्तान को आजाद कराया। जनता पार्टी के नेतृत्व में यही नारा लगाकर हमारे गृह मंत्री जी यहां आ गये तो यह नारा जो है इसके दोनों शब्द उर्दू के हैं। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जिन्होंने इम्फाल के मैदानों में कहा था "कदम कदम बढ़ाये जा, खुशी के गीत गाये जा, यह जिन्दगी है कौम की तू कौम पर लुटाये जा।" यह है हिन्दुस्तान की भाषा। यह भाषा है कौमी जिन्दगी के नस्बुलऐन को रोशन बनाने वाली भाषा। इसमें किसी व्यक्ति या मजहब का सवाल नहीं। यह भाषा हिन्दुस्तान में पनपी, बढ़ी और हिन्दुस्तान में इसका विकास किया जाना चाहिए। हमारे चन्द्रशेखर आजाद ने कहा था : 'गरीबों को मिले रोटी तो हमारी जान सस्ती है। हम दुश्मनों की गोलियों का, सामना करेंगे। हम आजाद है, हमेशा आजाद रहेंगे।' यह किस की भाषा है। जब तक हिन्दुस्तान में अंग्रेजी राजकाज की बोली रहेगी तब तक हिन्दुस्तान की मातृ भाषाएं, अल्पसंख्यकों की भाषायें—उर्दू, तमिल, तेलगू आदि को पनपने का कोई मौका नहीं है और भाषा की बहस केवल दो घंटे की नहीं होनी चाहिए। आप की संसद को बैठ कर इस भाषा के सवाल पर पूरी बहस करनी चाहिए और पूरी बहस के बाद जो निष्कर्ष निकले उसके आधार पर हमको अपनी भाषा नीति को तय करना चाहिए। मैं लार्ड मेकाले को कोट करना चाहता हूं। अंग्रेजी साम्राज्यवाद के लिये जो शिक्षा नीति तय की गई वह उसने की थी और उसने कहा कि :

"We must do our best to form a class which may be an interpreter between us and the millions whom we govern—a class of persons, Indian in blood and colour but English in intellect."

हिन्दुस्तानियों को अगर जन्म जन्म के लिये गुलाम बनाये रखना है तो उनकी भाषा को अंग्रेजी बना दो। यह बात लार्ड मेकाले ने कही। *(Time bell rings)* श्रीमन्, आपने घंटी बजा दी यह सवाल ऐसा है कि जिस पर घंटों बहस चल सकती है और मंत्री जी खड़े होकर बोलेंगे क्या जब तक कि भाषा के संबंध में वह मूल बातों को नहीं समझते हैं और सुनने की कोशिश नही करते हैं . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. M. TRIVEDI): May I draw your attention to the fact that we are discussing the Report of the Commissioner for Linguistic Minorities? We are not discussing the whole policy of our languages as such.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उप-सभाध्यक्ष महोदय, लिंग्विस्टिक माइनारिटीज का संबंध भाषा से है और हमारे संविधान में 14 राष्ट्रीय भाषाएं हैं उनकी कई उपशाखाएँ

भी हैं। तो हिन्दुस्तान में अंग्रेजी में काम नहीं होगा, फिर से देश गुलाम नहीं होगा। अंग्रेज यहां से चले गये, अंग्रेजी हमें हटानी है। धनिकलाल मंडल जो, आपने भी यह नारे लगाये हैं और डा० लोहिया ने भी यह बातें कही थीं। क्योंकि भाषा का सवाल गुलामी से जुटा हुआ है। इस मुल्क की भाषा का सवाल हल नहीं होगा तो भूख की समस्या हल नहीं होगी, और औद्योगिक की समस्या हल नहीं होगी, बेकारी की समस्या हल नहीं होगी। सीमाओं की रक्षा नहीं होगी। मुल्क को हम बचा नहीं सकते। इसलिए भाषा और माइनारिटीज का, उर्दू और हिन्दी के साथ मुसलमानों और हिन्दुओं को जोड़ देना, यह नजरिया हिन्दुस्तान में रहेगा तो हिन्दुस्तान कभी अपनी रक्षा नहीं कर सकता।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान में हिन्दुओं की हुकूमत थी तो राजकाज की बोली संस्कृत थी और बोलचाल की भाषा हिन्दी थी। जब इस मुल्क में मुसलमानों की हुकूमत हुई तो राजकाज की भाषा फारसी और बोलचाल की भाषा हिन्दी और उर्दू रही। जब यहां अंग्रेजों ने गद्दी संभाली तो राजकाज की भाषा अंग्रेजी और बोलचाल की भाषा हिन्दी और उर्दू थी। जब इस देश में भारतीयों का राज हुआ तो राजकाज की भाषा अंग्रेजी और हमारी बोली हिन्दी, उर्दू, तमिल, तेलगु हो गई। इस अंग्रेजी ने हमेशा भारतीय भाषाओं में झगड़ा उत्पन्न करने की कोशिश की। यही कारण है कि भाषा की ओर भूख की समस्या हमारे देश में बनी रही और रहेगी।

(Time bell rings)

THE VICE CHAIRMAN (SHRI H. M. TRIVEDI): Please conclude.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, एक बात कहकर मैं खतम करूंगा। हिन्दुस्तान के संविधान की धारा 345 में लिखा हुआ है कि भारत के राजकाज के लिए मातृभाषा होगी। 346 में लिखा हुआ है कि हिन्दुस्तान में राष्ट्रपति एक आयोग बैठायेंगे जो 15 वर्ष के अन्दर धीरे धीरे अंग्रेजी को खत्म करके मातृभाषाओं को चलायेगा। धारा 347 में लिखा हुआ है कि . . . *(Interruptions)*

THE VICE CHAIRMAN (SHRI H. M. TRIVEDI): I am sorry. I cannot allow you. I will have to call the next speaker.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, धारा 347 में लिखा हुआ है कि हमारे देश का राजकाज और यहां की बोली मातृभाषा में होगी। तो मुट्ठी भर लोग मुख में अंग्रेजी की बोली और हाथ में बन्दूक की गोली लेकर देश की 60 करोड़ जनता की छाती पर बैठे हुए हैं। इसलिए मातृभाषाओं को उठाने के लिए जरूरी है कि हिन्दी औरउर्दू को उत्तरप्रदेश की दूसरी भाषा बनाई जाए। उर्दू को बिहार की दूसरी भाषा बनाया जाए। उर्दू को हिमाचल प्रदेश को, पंजाब की, हरियाणा की, दूसरी भाषा बनाया जाए और उर्दू को दूसरी भाषा बना कर अंग्रेजी को समाप्त करके मातृभाषाओं को स्थापित किया जाए।

श्रीमती हामिदा हबीबुल्लाह : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपकी मैं बहुत बहुत शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

उपसभाध्यक्ष महोदय, माइनारिटीज कमीशन की, लिंग्विस्टिक माइनारिटीज कमीशन की बराबर रिकमेंडेशंस आती रहती है। हमारे संविधान में साफ-साफ लिखा है कि हर एक को अपनी मादरी जबान बोलने की पूरी पूरी इजाजत होनी चाहिए और वह जबान जो हमारे कंस्टीटयूशन में है उन सब को ज्यादा से ज्यादा तरक्की देनी चाहिए और उसमें सरकार की पूरी पूरी मदद देनी चाहिए। मगर हर माइनारिटी लेंग्वेज के सिलसिले में इस पर पूरी तरह से अमल नहीं हुआ है।

उप सभाध्यक्ष महोदय, यह बता सही है कि जहां तक उर्दु का ताल्लुक है, जिसकी बात अभी काफी हो रही थी, एक जमाना था जैसा कि हमारे भाई ने फरमाया,

[श्रीमती हामिदा हबीबुल्लाह]

रामप्रसाद बिस्मिल्ला, भगत सिंह और असफाक उल्ला ने एक साथ मिलकर गया था और 'सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है' के इशारे पर हिन्दू मुसलमान जुड़ गये तो अंग्रेजों को डर लगा कि सब हिन्दू मुसलमान एक जबान बोलते है, एक जगह जुट गये है। तो उर्दू का एक खास मकसद था। उर्दू का मकसद इस देश में मुहब्बत, दोस्ती और एका पैदा करना था। सबकी एक जबान हो गई, सब एक जबान बोलते थे। तो हिन्दी से उर्दू को अलग कर दिया जाए तो हिन्दी बेकार है, उर्दू से हिन्दी को अलग कर दिया जाए तो उर्दू बेकार है। इस तरह से एक मिसाल दी गई कि जैसे कि एक खूबसूरत ऐवान की तरह से। उसकी दो आंखें है एक हिन्दी है और दूसरी उर्दू है। अगर एक आंख अन्धी हो जाती तो दूसरी आँख काम नहीं करती और खूबसूरती खत्म हो जाती है। इस देश की खूबसूरती हिन्दी और उर्दू है। जहां हिन्दी बोली जाती है वहां उर्दू भी बराबर बोली जाती है। यह जुबान ऐसी है जिसे हर हिन्दू, मुसलमान, सिख ईसाई सब बोलते है, सब बच्चे जिसकी फिल्में देखते है, जिसकी गजलें हिन्दुस्तान में हर जगह सुनी जाती है, और इनके गीत हर चौराहे पर हर जगह पर सुने जाते है। यह वह जुबान है जिसे अंग्रेज ने इनको तोड़फोड़ करने के लिए उर्दू को मुसलमानों की जुबान बना दिया और हिन्दी को हिन्दुओं की जुबान बना दिया। लेकिन न हर प्रान्त के मुसलमान उर्दू में बोलते है, न हर प्रान्त के लोग हिन्दी में बोलते है। वह तो उत्तर प्रदेश की नहीं हिन्दुस्तान के बहुत से सूबों की एक ही जुबान है और केप-कैमरिन से लेकर हिमालय तक सब जगह समझी जाती है और बोली जाती है। इसी वजह से अंग्रेज इसके दो टुकड़े कर गये है। महात्मा जी ने बार-बार कहा है, लिखा है कि हिन्दुस्तान की जुबान दोनों स्क्रिप्टस में होनी चाहिये- देवनागरी और फारसी स्क्रिप्ट में पढ़ाई जाए ताकि दोनों की स्क्रिप्ट जानने वाले एक-दूसरी की मदद कर सकें। जो मैंने यह सुना और स्टेटमैंट अखबारों में देखा जो हमारे मुहतरिम लीडरों ने दिया है उससे मुझे बड़ी हैरत हुई। अपने प्रधान मंत्री की मैं बहुत इज्जत करती हूं। अपने चौधरी चरण सिंह जी, जो उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर भी थे, ने उर्दू के खिलाफ बात कही। इससे मुझे हैरत हुई। इस पर मुझे एक शेर याद आता है:

'कभी खुद पर कभी हालात पर रोना आता है'।

यह बात, सोच-समझ कर जनता पार्टी ने अपने मैनीफैस्टों में कही है। आज महात्मा गांधी की याद करने वाले लोग, महात्मा गांधी की कस्म खाने वाले लोग आज महात्मा गांधी की वह खास बात जिसकी वजह से वह चाहते थे कि सारा देश एक-दूसरे से मिल कर रहे, इस पर मुझे एक शेर याद आता है:

"चिश्ती ने जिस जमीं में पैगामे हक सुनाया
नानक ने जिस चमन में पे वहदत का गीत गाया,
मेरा वतन वही है, मेरा वतन वही है।"

हमारी उर्दू जुबान इसको जिंदा रखने के लिये है। यही चीज थी, यह एका था जो उर्दू जबान लेकर आई। उर्दू और हिन्दी दोनों को मिलकर इस मुल्क में मोहब्बत और दोस्ती का गाना गा रहे थे, राग उठा रहे थे। **(*Time bell rings*)** मैं आपका ज्यादा वक्त नहीं लूंगी। मैं सिर्फ एक बात कहूंगी कि हमारी मांग यह है कि उर्दू को हम सैकिण्ड लैंग्वेज बनाकर, आफिशियल लैंग्वेज बनाये, क्योंकि आफिशियल लैंग्वेज जब तक नहीं बनेगी, सरकारी स्टेटस नहीं मिलेगा तब तक कोई जुबान आमतौर से पनप नहीं पाती है। इसको सरकारी स्टेटस मिले इसलिये

थी लैंग्वेज फार्मूले के जरिये इसको शामिल किया जाए। मैं मंत्री जी से दर्खास्त करती हूं कि मैं उर्दू बोर्ड की प्रेजीडंट भी हूं इसलिये मैंने बहुत ही गौर से इसको स्टडी किया। मुझे यह खतरा है कि अगर खाली फसिलिटीज दी गई, खाली कुछ सुविधाए दी गई तो एकतरफा बात हो जाएगी। जिसके मां-बाप उर्दू जानते है वह तो अपने बच्चों को उर्दू पढ़ायेंगे लेकिन जिसके मां-बाप उर्दू नहीं जानते वह अपने बच्चों को उर्दू नहीं पढ़ायगे। कभी उर्दू मुसलमानों की जुबान नहीं थी मगर अब खतरा यह है कि अगर सिर्फ फैसिलिटीज मिलेगी तो उर्दू फैलने वाली नहीं है। और नहीं तो अगर इतनी फैसिलिटी दे दी जाए कि आठवें दर्जे तक हिन्दी और उर्दू कंपलसरी कर दी जाए तो आपको मालूम होगा कितने ही नाम है जो इसके लिये आगे आयेंगे-रघुवर सहाय, जगबस्त, जगन्नाथ आजाद और आनन्द नारयण मुल्ला है। इस जुबान में बड़ी-बड़ी किताबें है और कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश इन सब की यह फर्स्ट लग्वेज है। आन्ध्र, महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, गुजरात इन सब जगहों में यह जुबान बोली जाती है और समझी जाती है। यह जो जुबान सब जगह बोली जाती है, समझी जाती है इसमें सिर्फ स्क्रिप्ट का फर्क है अगर इसे हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सब पढ़ेंगे तो एका रहेगा। अगर सिर्फ सुविधाएं दी जायेंगी उसको किसी लेवल पर कंपलसरी नहीं किया जाएगा तो उसका नतीजा यह होगा कि वह दबी जुबान रह जाएगी। अगर इसको सुविधाएं दी जायगी तो हमारे देश के इंटिग्रेशन और इस देश की एकता कायम रह सकेगी। हम इस जुबान को नजदीक लायेंगे तो हम में मोहब्बत पैदा होगी। हिन्दी जुबान और उर्दू जुबान को नजदीक ला कर हम देश की एकता को कायम कर सकते है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका हुकम मान कर मैं अपनी बात यहीं खत्म करती हूं। सिर्फ एक शेर याद आता है जो मैं सुनाना चाहती हूं :

मैं हुब्बावतन से हर बशार सरशार हो जाए,
मिले जब कोसर औ गंगा तो बेड़ा पार हो जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. M. TRIVEDI): Sorry, it is difficult to accommodate Mr. Yadav and Mr. Mahanti. I now call upon the Minister to reply.

श्री धनिक लाल मंडल : श्रीमन, जिन माननीय सदस्यों ने इस बहस में भाग लिया और अपने रचनात्मक सुझाव दिये, मैं उन सब के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं और उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि आपने जो भी रचनात्मक सुझाव दियें है उन पर हम विचार करेंगे और अमल करेंगे। हमारा देश भारत एक बहुभाषी देश है और हमारे देश में जो विभिन्न भाषायें हैं वे सब विकसित और समृद्ध भाषाएं है एसं उनका अपना महत्व है। ये भाषाएं जिस संस्कृति का प्रतीक है वह संस्कृति भी समृद्ध है, प्राचीन है और अपना महत्व रखती है। इसीलिये इस संस्कृति का व्हीकल ये भाषाएं है। उनको विकसित करना सरकार का काम है, ऐसा उपबंध संविधान में किया गया है और इसी उद्देश्य से जो स्कीमें और योजनाएं समय समय पर बनीं और जैसा माननीय सदस्यों ने कहा, सन 1949 और 1956 में और फिर 1958 और 1961 में जो योजनाएं बनी तथा जिनकी घोषणाएं सरकार की तरफ से की गई और उनको कैसे अमलीजामा पहनाया गया, कैसे भाषायी अल्पसंख्यकों को संरक्षण दिया गया उसके संबंध में अपने प्राथमिक वक्तव्य में मैंने कुछ बातें सदन के समक्ष रखी है, हमारे जो भाषायी अल्पसंख्यकों के कमिश्नर है, जिनके 15वें और 16वें प्रतिवेदन पर सदन में चर्चा हुई है उनका मुख्य काम भाषायी अल्पसंख्यकों को संविधान में दिये गये संरक्षणों की रक्षा करना है। उनका यह भी काम है कि भाषायी अल्पसंख्यकों को संविधान में जो सेफगार्ड दिये गये है उनकी जांच करें और हमारे देश में जो

[श्री धनिक लाल मंडल]

लिग्विसटिक माइनोरिटीज है उनकी जो शिकायतें और ग्रीवाइन्सेज हैं उनको दूर करने की सिफारिश करें और उनका इम्पली-मेन्टेशन किस प्रकार से किया जा रहा है, इसकी भी जांच करके प्रेजीडेन्ट को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उनका यह भी काम है कि कहां कहा पर इस काम में कमियां हैं और स्कीमों या योजनाओं को अमलीजामा पहुंचाने में कहां कहां पर वायलेशन हुआ है, उसकी भी रिपोर्ट दें। मैं समझता हूं कि इन सारी बातों के बारे में इस रिपोर्ट में विवरण दिया गया है। इस मौके पर मैं माननीय सदस्यों को और इस सदन की इस बात के लिए आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह आशंका व्यक्त की गई है कि इन भाषाओं की कोई अवहेलना हम लोग करना चाहते हैं या इन भाषाओं के मार्ग में कोई बाधा उपस्थित करना चाहते हैं या कोई बहाना या हिला हवाला करना चाहते हैं या हम कोई और योजना बना रहे हैं, ऐसी कोई बात नहीं है। हम इस आशंका को निर्मूल करना चाहते है।

श्री कल्पनाथ राय : चौधरी चरण सिंह ने जो बयान दिया है उसके संबंध में आपकी क्या राय है ?

श्री धनिक लाल मंडल : आप जरा शांति से सुनिये। आज मै सदन में यह निवेदन करना चाहता हूं और इस संबंध में एक तर्क देना चाहता हूं कि जनता पार्टी ने यह एलान किया है, घोषणा की है कि हम एक कमीशन या आयोग गठित करने जा रहे हैं जिसका यह काम होगा कि संविधान में भाषायी अल्प-संख्यांकों को जो सेफ गार्ड दिए हुए हैं, उसकी वह एफिसियेन्सी और एफक्टिविली जाच करें और उसको करने के लिये वह अपनी रिकमन्ड-शनदे। जो रिकमन्डेशन मेन्टेरी और एफेक्टिव है, इस सबको दुरुस्त करने के लिये हम एक कमीशन बहाल करने जा रहे हैं। सरकार ने इसको स्वीकार कर लिया है।

شری سکندر علی وجد - گجرال
کمیٹی بھی تھی اس کا بھی یہی حال
ھوا - رپورٹ نہیں شائع ھوئی -

†[श्री सिकन्दर अली वज्द : गुजराल कमेटी भी थी उसका भी यही हाल हुआ। रिपोर्ट नहीं शाय हुई ।]

श्री धनिक लाल मंडल: : श्रीमन सरकार ने सिद्धान्त इस बात को स्वीकार कर लिया है कि माइनारिटीज या जिस किसी के भी सेफगार्ड, जो कांस्टीटयूशन में दिये गये हैं, उनके उन सेफ गार्डस की रक्षा हो, इसके लिये एक आयोग का गठन किया जायेगा। सिविल राइट कमीशन या माइनारिटीज कमीशन के टर्म्स आफ रेफरेन्स पर, उसके कम्पोजीशन पर और उसके पर्सनल पर विचार हो रहा है। यह गर्वनमेंन्ट के एक्टीव कन्सीडरेशन में है। इसलिये इस आयोग का गठन किया जा रहा है, जिससे कि ये जो आशंकायें व्यक्त की जा रही है, उनको निमूर्ल किया जा सके।

इसलिये मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि ऐसी कोई बात नहीं है। पहली बात तो यह है कि जो भी सेफ गार्डस दिये गये हैं, उनको लागू किया जायेगा। उसमें कोई ढिलाई नहीं की जायेगी। यह आपको मैं आश्वासन देता हूं। मैं माननीय सदस्यों . . .

श्री खुरशीद आलम खान : मैं सिर्फ यह पूछना चाहता हूं कि जो कमीशन आप बना रहे है क्या उसका कम्पोजीशन ऐसा ही होगा जैसा कि पुलिस कमीशन ?

श्री धनिक लाल मंडल : पुलिस कमीशन जो बना है आप उसको देखिये . . .

श्री खुरशीद आलम खान : हमारा कोई रिप्रजेन्टेटिव उसमें नहीं है।

श्री धनिक लाल मंडल : जैसा कि माननीय सदस्य श्री श्रीकान्त वर्मा और श्री कल्प नाथ राय जी ने कहा मैं उनकी भावनाओं के साथ हूं कि सभी भारतीय भाषायें आपस में बहनें हैं ये सखी हैं।

† [ ] Devnagari transliteration

ये सभी भाषायें हैं, उनका आपस में एक दूसरे के साथ कोई द्वेष नहीं है, कोई झगड़ा नहीं है और उन सबका विकास हम लोगों को करना चाहिए। इसलिए जनता पार्टी ने अपने घोषणा-पत्र में यह कहा है कि हम लोक-भाषाओं और जन-भाषाओं का उत्तरोत्तर विकास करेंगे और वह पढ़ाई की भाषा बने, वह प्रशासन की भाषा बने कचहरी की भाषा बने, फैसलों की भाषा बने, इसके लिये हम प्रयास करेंगे। इसके लिये जनता सरकार प्रतिबद्ध है। जनता सरकार अपने घोषणा पत्र में भारतीय भाषाओं और लोक-भाषाओं का विकास करने तथा उसे इन जगहों पर स्थापित करने के लिये--स्कूलों में कालेजों और यूनिवर्सिटियों में एडमिनिस्ट्रेशन में और कोर्ट में--वचनबद्ध है। इसलिये मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम जन-भाषाओं और लोक भाषाओं का उत्तरोत्तर विकास करते जायेंगे और इसमें कोई त्रुटि नहीं रहने देंगे।

अभी एक माननीय सदस्य ने सुझाव दिया है और उन्होंने इसमें जो त्रुटि है उसकी ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। इसके सम्बन्ध में मैं अर्ज करना चाहता हूं जैसा माननीय सदस्य श्री खुरशीद आलम खां ने कहा कि 1955 से लेकर 1972 के बीच राष्ट्रपति को संविधान की धारा 342 के अन्तर्गत अपने विशेषाधिकार को प्रयोग करने की एक बार भी आवश्यकता नहीं पडी। महोदय इसके बारे में मैं कहना चाहता हूं कि यह वही समय है जब माननीय सदस्य जिस पार्टी के हैं उनकी सरकार थी। इसलिये इस सम्बन्ध में मैं अधिक कुछ नहीं कहूंगा।

जहां तक कि माननीय सदस्य श्री श्रीकान्त वर्मा जी के प्रश्न का सम्बन्ध है कि दिल्ली में छात्रों को प्रश्नपत्र हिन्दी में मिलते हैं जिससे उन्हें बडी असुविधा होती है। मुझे यह जानकारी है कि दिल्ली में उर्दू भाषी छात्र उर्दू ले सकते हैं। दिल्ली में त्रिभाषी फार्मूला लागू है और इसके अन्तर्गत छात्र निम्नलिखित भाषाएं पढ़ सकते हैं :

हिन्दी, अंग्रेजी तथा कोई भी आधुनिक भारतीय भाषा जिसमें उर्दू भी शामिल है।

जहां तक उन्होंने यह बात कही है कि प्रश्नपत्र उर्दू छात्रों को हिन्दी के मिलते हैं मैं उस की जांच करवा लूंगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय श्री पारीख ने राज्य सरकारों द्वारा भाषायी अल्पसंख्यकों के कमिश्नर के साथ जो असहयोग किया जा रहा है उस पर चिंता व्यक्त की, मैं भी उस चिंता में अपने को शामिल करता हूं। अभी उस समय की 1972-73 और 1973-74 की यह रिपोर्ट है। मैं आगे कोशिश करूंगा कि भाषायी अल्पसंख्यकों के आयोग की रिपोर्ट पर राज्य सरकारें असहयोग का रुख न लें और पूरा पूरा सहयोग करें। इसके लिए हम लोगों की ओर से हर कोशिश होगी। उन्होंने जो दूसरी बात बतलाई कि हमारे जो जोनल कार्यालय हैं उसमें रिसर्च असिसटेंट और रिसर्च टीम नहीं है जिससे जो माइनरिटी कम्युनिटी और स्टेट गवर्नमेंट इन दोनों के तथ्य हैं उनमें विवाद पैदा हो जाता है और जिसकी जांच करने के लिए कोई उपयुक्त तंत्र नहीं होता और इसलिए जो उन्होंने सुझाव दिए हैं या उन्होंने दोहराये हैं वे हमें मान्य हैं। इसके सम्बन्ध में काफी काम भी हुआ है लेकिन और भी हम इसको देखने के लिए तैयार हैं। हम यह देखेंगे कि आफिस में रिसर्च असिसटेंट और रिसर्च टीम नियुक्त की जाए जिससे यह खामियां दूर हो जाए। ऐसी ही माननीय सदस्यों ने आदिवासियों की भाषा के सम्बन्ध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है और यह सर्वथा उपर्युक्त है कि आदिवासी जो

[श्री धनिक लाल मंडल]

लिंग्विस्टिक माइनर्टी में सब से अधिक हैं संख्या के हिसाब और उनकी जो भाषा है उन की तरफ कम ध्यान दिया गया है और उनके विकास की ओर कम ध्यान दिया गया है। इस कमी को हम दूर करना चाहते हैं। मैंने इस सम्बन्ध में अपने विभाग से भी बात की है कि क्यों न हम आदिवासियों की भाषाओं के विकास के लिए एक भारतीय भाषा संस्थान बनाएं जहां इन भाषाओं के लिए काम हो। मैं इस पर विचार करूंगा और इसको अमल में लाऊंगा। माननीय सदस्य श्री शर्मा जी ने बिहार की बात उठाई। जहां तक मुझे मालूम है बिहार की स्थिति ऐसी है। वहां त्रिभाषी फार्मूला है। हिन्दी भाषी क्षेत्रों में त्रिभाषी फार्मूला इस प्रकार से है। हिन्दी, अंग्रेजी और एक आधुनिक भारतीय भाषा यथासंभव दक्षिण की भाषा। उत्तर प्रदेश में इसके अन्तर्गत उर्दू एक आधुनिक भारतीय भाषा के अन्तर्गत आती है। और अब भी आ सकती है। इसके हटाने का कोई प्रश्न नहीं है। ऐसे ही बिहार में भी यदि मातृभाषा उर्दू हो तो वह त्रिभाषी फार्मूले में आ जायगी। इस प्रकार वर्तमान स्थिति यह है कि उत्तर प्रदेश में हिन्दी, आधुनिक भारतीय भाषायें जिसमें उर्दू भी है और अंग्रेजी आती है। बिहार में मातृभाषा, संस्कृत हिन्दी भाषियों के लिये और जो अहिन्दी भाषी हैं, उनके लिए अंग्रेजी। तो जिनकी मातृभाषा उर्दू है वह इस त्रिभाषी फार्मूले में आ जाते हैं। इसलिए योगेन्द्र शर्मा जी ने जो बात कही हमारी जो जानकारी है हमने उनको दे दी। जहां तक ट्रेनिंग कालेज और स्कूलों में उर्दू के माध्यम की बात है और उर्दू शिक्षकों को प्रशिक्षण देने की बात है उन्होंने हमारा जो ध्यान खींचा है हम उस पर ध्यान देंगे।

महोदय, जहां तक श्री आनन्द पाठक जी ने नेपाली भाषा को एक शिड्यूल में, स्तम्भ अनुसूची में शामिल करने के लिए आग्रह किया, उस सम्बन्ध में जो स्थिति है वह मैं आपके समक्ष रख रहा हूं। नेपाली के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं। साहित्य एकेडमी ने नेपाली को विकास के लिए एक आधुनिक भारतीय भाषा माना है, नवम्बर दिसम्बर, 1974 में। दार्जलिंग, करस्यांग कालिम्पोंग सब डिवीजनों में इसे अतिरिक्त राजभाषा माना गया है और इसका प्रयोग होता है शासकीय कार्यों में। नेपाली बोलने वाले पश्चिमी बंगाल बोर्ड आफ सेकेन्डरी एजूकेशन के स्कूल फाइनल तथा हायर सेकेन्डरी परीक्षाओं में प्रथम भाषा नेपाली ले सकते हैं। नेपाली को प्रथम भाषा लेने वाले छात्र उपरोक्त परीक्षाओं के परचे नेपाली में ले सकते हैं। कलकत्ता उत्तरी बंगाल तथा बर्धमान विश्वविद्यालयों में ग्रेजुएट स्तर तक पढ़ाई का प्रबन्ध है। आसाम में मिडिल स्टैण्डर्ड तक मीडियम आफ इंस्ट्रक्शन नेपाली माना गया है। गोहाटी तथा डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालयों में नेपाली ग्रेजुएट तक पढ़ाये जाने का प्रावधान है। पटना, बिहार, भागलपुर तथा वाराणसी विश्वविद्यालयों में भी नेपाली पढ़ाने का प्रावधान है। इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ इंटरनेशनल स्टडीज नई दिल्ली जिसको विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है में नेपाली पढ़ाने का प्रबन्ध है और मांग होने पर पढ़ायी जाती है। इसलिए जो आनन्द पाठक जी की मांग है उसको मैं समझता हूं कि बहुत हद तक पूरा किया जा चुका है उसमें जो कमी होगी उसको हम लोग देखेंगे।

श्री सिकन्दर अली वज्द साहब ने, महोदय, बहुत अच्छा भाषण किया, उम्दा तकरीर हुई लेकिन उसमें कोई प्वाइंट नहीं बना। उर्दू को हम लोग कतई किसी धर्म या किसी कम्युनिटी से नहीं जोड़ते हैं और न इरादा ही है। लेकिन जैसा कि मैंने आरम्भ में ही अर्ज किया कि झगड़ा हिन्दी और उर्दू का नहीं है, हम उर्दू का भी विकास चाहते हैं जो भी कांस्टीटयूशन में दिया गया है उसके अतिरिक्त जो भी विकास के लिए सम्भव है वह सारे सम्भव उपाय काम में लाये जायेंगे

उपयोग किये जायेंगे और उर्दू का विकास किया जायगा । उर्दू के साथ हमारा बहुत गहरा सम्बन्ध है । जहां तक शाही जी ने कुछ प्रश्नों की सफायी की, मैं उनका आभार मानता हूं । माझी साहब ने आदिवासी भाषाओं के विकास की ओर हमारा ध्यान खींचा है । नायक साहब ने जो बातें सुझायीं मैं समझता हूं सभी माननीय सदस्यों को उस पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए । उन्होंने जो भाषा का हल रखा, जिस तरह से यूरोप में उसको हल किया गया है, उन्होंने जो अनुभवकारी हल रखा है, मेरा आग्रह है कि इस सदन के माननीय सदस्य उस पर विचार करेंगे । इसके साथ ही माननीय लेडी मेम्बर ने जो सुझाव दिए हैं उसके लिए भी मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं और उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हम उस पर गौर करेंगे । जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र की बात उन्होंने बतायी । लोक भाषाओं का उत्तरोत्तर विकास कर हम उनको उनकी जगहों पर बिठाएंगे—स्कूल, कालिज, यूनिवर्सिटी, कोर्ट कचहरी और प्रशासन में ।

इसके साथ ही महोदय, जैसा कि हमने आपको बतलाया, हम एक आयोग का गठन करने जा रहे हैं जिसके वाइड और फार रीचिंग पावर्स होंगे इंवेस्टिगेशन करने के, और उनकी रिकमंडेशन्स मेंडेटरी होंगी । और एक कमीशन अपौइन्ट करने का सरकार का इरादा है । प्रिंसिपल में सरकार ने यह स्वीकार कर लिया है । अब केवल टर्म्स आफ रेफरेंस और कम्पोजीशन और परसोनेल के बारे में इन्तजाम किया जा रहा है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. M. TRIVEDI): The House stands adjourned till 11 a.m. on Wednesday.

The House then adjourned at fifty-seven minutes past five of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 23rd November, 1977.

GMGIPMRND—RSI—1204RS—27-1-78—595.